दिनांकः 18.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जैव और वैकल्पिक ईंधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया।
- राज्य में जिला परिषद् और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए चुनाव की मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां–भाजपा और कांग्रेस ने सभी जिलों में अपने पर्यवेक्षक भेजे।
- प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अगस्त से अक्टूबर तक मातृ मृत्यु के मामलों में लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।
- 9वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस आज – राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम कर्नाटक के नागमंगलम में आयोजित होगा।

0000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जैव ईंधन और वैकल्पिक ईंधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया है। श्री गडकरी ने नई दिल्ली में सी.आई.आई. के 14वें जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में वैकल्पिक ईंधनों और जैव ऊर्जा का उपयोग करने की क्षमता है। श्री गडकरी ने बताया कि गोबरधन योजना के तहत लगभग तीन हजार कारखाने लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 250 पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं,जबकि लगभग 200 अभी विकास के चरण में हैं।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से नई दिल्ली में समावेशी नीति संकल्प विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित विभागीय सम्मेलनों की श्रृंखला में यह तीसरा शिखर सम्मेलन है। दो दिन के सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल के जरिए विकास कार्यों में तेजी लाना है। शिखर सम्मेलन का लक्ष्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच ऐसा संस्थागत मंच तैयार करना है, जहां सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को मजबूत करने के लिए नीतियों को साझा किया जा सकें।

000

राज्य में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर को होगी। इसके लिए सभी जिलों में तैयारियां की जा रही हैं। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। जयपुर के भवानी निकेतन महाविद्यालय में मतगणना की जाएगी।

जिला परिषद सदस्यों की मतगणना के लिए पांच कक्ष तथा पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना के लिए अलग–अलग कक्ष तय किए गए हैं। बारां में राजकीय कृषि महाविद्यालय मतगणना होगी। जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने कल शाम को मतगणना केंद्र पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। पाली में कल मतगणना पर्यवेक्षकों तथा मतगणना सहायको को जिला परिषद सभागार में मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच, भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पार्टी के जिला प्रमुख और प्रधान बनाने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। दोनों पार्टियों की नजर जिताऊ बागियों और निर्दलीय प्रत्याशियों पर है। भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं को संभाग प्रभारी बनाया है। पार्टी के कई अन्य नेता विभिन्न जिलों में प्रवास कर रहे हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कल जिला प्रभारी पदाधिकारी तथा चुनाव में लगाये गये पर्यवेक्षकों की बैठक ली। पार्टी के चुनाव पर्यवेक्षक दो दिन में अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर रणनीति बनाएंगे।

000

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अगस्त से अक्टूबर तक मातृ मृत्यु के मामलों में लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। अक्टूबर माह में यह कमी लगभग 59 प्रतिशत रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पिछले साल अगस्त में मातृ मृत्यु के 100 मामले दर्ज हुए थे, जबकि इस वर्ष अगस्त में यह संख्या घटकर 73 रह गई। इसी प्रकार सितंबर में 83 के मुकाबले 54 मामले दर्ज हुए। अक्टूबर माह में 87 के मुकाबले केवल 36 मामले दर्ज हुए। श्रीमती राठौड़ ने कहा कि मातृ मृत्यु के मामलों में आई कमी संतोषजनक है, लेकिन प्रत्येक मातृ मृत्यु को रोकने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

000

देशभर में आज 9वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम कर्नाटक के नागमंगलम स्थित केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। आयुष मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का विषय प्राकृतिक चिकित्सा और स्वस्थ भारत रखा गया है। यह विषय समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, योग, तनाव प्रबंधन और प्राकृतिक चिकित्सा के तरीकों के महत्व को रेखांकित करता है। जयपुर के प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिलीप सारण ने आकाशवाणी को बताया कि मानव शरीर पांच तत्वों से बना है और इनका संतुलन कर सभी बीमारियों का उपचार और प्रबन्धन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन दिनों युवाओं में प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर रूझान बढ़ा है।

000

जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। 18 नवम्बर 1727 को महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने इसकी स्थापना की थी। वैज्ञानिक नगर नियोजन, हवा महल के झरोखे तथा जंतर–मंतर से लेकर कला शिल्प तक अपनी अलग पहचान रखने वाला जयपुर आज देश के प्रमुख शहरों में शुमार है।

स्थापना दिवस समारोह के तहत आज विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं। गंगापोल दरवाजे पर गणेश पूजन और उसके बाद गोविंद देवजी मंदिर में पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं शाम को स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम के साथ जयपुर स्थापना दिवस का मनाया जाएगा। इससे पहले कल बिरला ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें देशभर से आए ख्यातनाम कवियों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से सभागार को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया।

000

वर्ष 1962 के भारत–चीन युद्ध में रेजांग ला मोर्चे पर अदम्य वीरता दिखाकर मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले मेजर शैतान सिंह भाटी को उनके 64वें बलिदान दिवस पर याद किया जा रहा है। इस अवसर पर जोधपुर के परमवीर सर्किल पर श्रद्धांजलि सभा होगी। कार्यक्रम में सेना के अधिकारी, पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं और शहीद परिवारों सहित सामाजिक और सैनिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सभी रेजांग ला के अमर वीरों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

000

पाली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वनिधि शिविर लगाए जायेंगे। नगर निगम की ओर से आज से हर बुधवार को नगर निगम सभागार में इस कैम्प का आयोजन किया जाएगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

000